दादरी में बनेगा मल्टी मॉडल लाजिस्टिक पार्क

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री ने कहा कि दादरी में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और बोडाकी में ट्रांसपोर्ट हब बनाएंगे। जेवर हवाई अड्डे के निर्माण के साथ ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस-वे के पास का क्षेत्र एक आकर्षक निवेश मंजिल है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में 50,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। नए निवेशकों के लिए 20,000 एकड़ का एक लैंड बैंक तैयार है। योगी ने डीएम स्तर पर मासिक और मंडलायुक्त स्तर पर दो माह में स्थानीय उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण के लिए बैठक करने के लिए निर्देशित भी किया। प्रदेश के एमएसएमई विभाग के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि 'यूपी थिंक्स टुडे, इंडिया थिंक्स टुमारो'।

उद्योग बंधुओं से सीएम ने ये खास बातें कीं

- कम से कम 20 लाख इकाइयों को लगभग 80,000 करोड़ रुपये के ऋण बांटने का लक्ष्य है।
- बड़ी संख्या में प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना होगी, जिससे प्रदेश की आर्थिक प्रगति के साथ-साथ रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे।
- 10 देशों से 7,000 करोड़ रुपये के 50 से अधिक निवेश-प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें जापान, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, द. कोरिया के निवेशक सम्मिलित हैं। 6,000 करोड़ के निवेश- प्रस्ताव भारत के निवेशकों से भी प्राप्त हुए हैं।